आकाशवाणी शिमला

14.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए लोगों को सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने को प्रोत्साहित कर रही हैं। शिमला में आज ऊर्जा संबंधी विभागों की बैठक में उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य निजी क्षेत्र में सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने वाले युवाओं और उद्यमियों को प्रोत्साहन देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में परियोजनाएं स्थापित करने वाले उद्यमियों के आवेदनों पर त्वरित निर्णय लिया जा रहा है और उन्हें सम्भव सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को ऊर्जा क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए नवोन्मेषी प्रयास करने के निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि प्रदेश में निजी क्षेत्र में कुल 3 सौ मैगावॉट क्षमता की ग्राउंड मांउटिड सौर ऊर्जा परियोजनाएं आबंटित की गई हैं जिनमें से 62 मैगावॉट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं।

जगत सिंह नेगी

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस वर्ष से सेब के लिए यूनिवर्सल कार्टन लागू कर दिया है और इसके माध्यम से लघु व सीमांत बागवानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार कीटनाशकों व बागवानी उपकरणों पर उपदान दे रही है जिससे ग्रामीण आर्थिकी को बल मिला है। जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिले की ठंगी पंचायत में लगभग 3 करोड़ 62 लाख रूपए से बनी सम्पर्क सड़क का उदघाटन किया और ठंगी गांव के लिए राज्य परिवहन निगम की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस मौके पर लोगों की शिकायतें भी सुनीं।

राजीव भारद्वाज

सांसद राजीव भारद्वाज ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया है। शिमला में आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने लोगों से बड़े–बड़े वायदे किए थे लेकिन सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार उन्हें भुला चुकी है। राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस ने 3 सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने का वायदा किया था लेकिन सत्ता में आने के बाद पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही एक सौ 25 यूनिट मुफ्त बिजली को भी बंद कर दिया है। उन्होंने प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा सीपीएस मामले पर दिए गए निर्णय को एतिहासिक बताते हुए कहा कि इसकी गूंज पूरे देश में जाएगी।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि सीपीएस मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के बाद राज्य सरकार को कोई खतरा नहीं है और सरकार पूरी तरह मजबूत है। शिमला में

आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि पहले भी प्रदेश में सीपीएस की नियुक्तियां होती रही हैं और इस मामले में सरकार आगे की रणनीति तय करेगी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर वो जल्द ही पार्टी हाईकमान और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला से भेंट कर विचार विमर्श करेंगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार–विमर्श करने के बाद कांग्रेस कार्यकारिणी को अंतिम रूप दिया जाएगा।

शहीद

मण्डी जिले में सदर तहसील के बग्गी गांव के हवलदार सुरेश कुमार लेह–लद्दाख में देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए हैं। वे भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट में तैनात थे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सुरेश कुमार की शहादत पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि हवलदार सुरेश कुमार के सर्वोच्च बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।

कंगना रणौत

मण्डी की सांसद कंगना रणौत ने कहा है कि कुल्लू जिले की लग घाटी में जल्द ही फिल्मों की शूटिंग की जाएगी। उन्होंने आज लग घाटी के भलयाणी में एक जनसभा को सम्बोधित किया। कंगना रणौत ने कहा कि लग घाटी का प्राकृतिक सौंदर्य सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है और यहां फिल्मों की शूटिंग के लिए फिल्म प्रोडक्शन हाउस के साथ बात की जाएगी। भाजपा सांसद ने कहा कि लग घाटी और जोगिन्दर नगर को जोड़ने वाली भुभू टनल का निर्माण भी जल्द किया जाएगा और ये मामला केन्द्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के ध्यान में है।

गुरू नानक जयंती

सिक्खों के पहले गुरू श्री गुरू नानक देव जी की कल जयंती है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को गुरू नानक जयंती पर बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा है कि गुरू नानक देव जी ने लोगों को एकता, समरसता और सदभाव का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा कि गुरू नानक देव जी ने पूरे विश्व को शांति और साम्प्रदायिक सदभाव का संदेश दिया। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी लोगों को गुरू नानक जयंती की शुभकामनाएं दी हैं।

नमस्कार।